दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 35 मुरादाबाद 27 May 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## तेलंगाना में परिवारवाद के बहाने केसीआर पर बरसे पीएम मोदी, योगी आदित्यनाथ को दी बधाई




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना के दौरे पर हैं, जहां भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। हैदराबाद में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए परिवारवाद पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा, परिवारवाद की वजह से देश के युवाओं और प्रतिभाओं को देश की राजनीति में आने का अवसर भी नहीं मिलता है। परिवारवाद उनके हर सपने को कुचलता है। उनके लिए हर दरवाजे को बंद करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज 21वीं सदी के भारत के लिए परिवारवाद से मुक्ति, परिवारवादी पार्टियों से मुक्ति एक संकल्प भी है और एक नैतिक आंदोलन भी है। जहां-जहां परिवारवादी पार्टियां हटी हैं, उनका अस्त हुआ है तो वहां-वहां विकास के रास्ते भी खुले हैं। हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, परिवारवाद की पार्टियां सिर्फ़ अपना विकास करती है। अपने परिवार की सदस्यों की तिजोरियां भरती हैं। इन परिवारवाद पार्टियों को गरीब के दर्द की चिंता नहीं होती है। उन्होंने कहा, इनकी राजनीति सिर्फ़ इस बात पर केंद्रीत होती है कि एक परिवार लगातार किसी भी तरह सत्ता पर कब्ज़ा करके लूट सके तो लूटता रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं से मोदी की अपील

पीएम मोदी ने कहा, मैं आप सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से कहूंगा कि हमें पूरी मेहनत करनी है। हमें तेलंगाना की जनता की सेवा में कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी है। मुझे पूरे विश्वास है कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता इसी उत्साह और समर्पण के साथ आगे भी कार्य करता रहेगा।

### तेलंगाना से योगी को बधाई

मोदी ने कहा, मैं तेलंगाना की इस धरती से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्रीमान योगी आदित्यनाथ जी को भी बधाई देता हूं। उनको किसी ने कहा कि फलां जगह पर नहीं जाना चाहिए, लेकिन योगी जी ने कहा कि मैं विज्ञान पर विश्वास करता हूं और वो चले गए। आज वो दोबारा मुख्यमंत्री बने हैं।

## उत्तर प्रदेश सरकार के बजट को मायावती ने बताया धूल झोंकने वाला तो अखिलेश बोले-बजट नहीं, बंटवारा



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने विधान मंडल के बजट सत्र में गुरुवार को अपना बजट पेश किया। इस बजट पर विपक्षी दलों ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले बजट को बसपा मुखिया मायावती ने आंख में धूल झोंकने वाला बताया है तो समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसको बंटवारा बताया है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट पेश किया। योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट छह लाख 15 हजार 518 करोड़ रुपया का है। योगी आदित्यनाथ सरकार का बजट घोषित होने के थोड़ी देर बाद ही बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी। मायावती ने बजट को लेकर दो ट्वीट किया। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार का बजट प्रथम दृष्टया वही घिसापिटा व अविश्वनीय है। यह बजट तो जनहित एवं जनकल्याण में भी खासकर प्रदेश में छाई हुई गरीबी, बेरोजगारी व गड्ढायुक्त बदहाल स्थिति के मामले में अंधे कुएं जैसा है। जिससे यहां के लोगों के दरिद्र जीवन से मुक्ति की संभावना लगातार क्षीण होती जा रही है। बसपा मुखिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश के करोड़ों लोगों के जीवन में थोड़े अच्छे दिन लाने के लिए कथित डबल इंजन की सरकार द्वारा जो बुनियादी कार्य प्राथमिकता के आधार पर होने चाहिए थे, वे कहां किए गए। पढ़ाई के लिए कोई घोषणा नहीं की गई है।समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया ट्वीट की। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार का कहने को यह बजट छठा है, पर इसमें कुछ बढ़ा नहीं, सब कुछ घटा है। इसमें जनपक्ष नदारद, बस सरकारी विभागों का वारा-न्यारा है दरअसल यह बजट नहीं बंटवारा है।

## 2 मुफ्त सिलेंडर, गोरखपुर-वाराणसी में मेट्रो, बुंदेलखंड में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर; ये हैं योगी 2.0 के बजट के 21 बड़े ऐलान



यूपी विधानसभा में आज वित्त मंत्री सुरेख खन्ना ने 2022-23 का बजट पेश किया। 6 लाख 15 हजार 518 करोड़ 97 लाख रुपए के यह बजट यूपी के अब तक के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है। योगी 2.0 सरकार ने अपने पहले बजट में गोरखपुर और वाराणसी में मेट्रोल चलाने के अलावा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने का ऐलान किया है।

### बजट के 21 बड़े ऐलान

1-प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को साल में 2 एलपीजी सिलेंडर नि:शुल्क मिलेंगे। 2-इसके साथ ही पात्र गृहस्थी और अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को फ्री खाद्यान्न, साबुत चना, रीफाइंड सोयाबीन ऑयल और आयोडीन नमक मिलेगा। इसके लिए बजट में 6571 करोड़ 13 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। 3-कल्याण सिंह के नाम पर ग्राम उन्नति योजना लाई गई है। इसके तहत गांवों में सड़कों पर सोलर लाइट लगाई जाएंगी। 4-बुंदेलखंड में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर बनाया जाएगा। 5-अयोध्या में सूर्यकुंड के विकास के लिए 140 करोड़ रुपए की व्यवस्था का प्रस्ताव किया गया है। 6-वाराणसी और गोरखपुर मेट्रो के लिए 100 करोड़ रुपए, कानपुर मेट्रो रेल को 737 करोड़, आगरा मेट्रो को 597 करोड़, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर को 1306 करोड़ का प्रस्ताव किया गया है। 7-यूपी सरकार ने वनटांगिया और मुसहर आवास के लिए इस बार के बजट में 508 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। 8-सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स उद्योग नीति के तहत 5 वर्षों में 40 हजार करोड़ रुपए के निवेश और 4 लाख व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। 9-यूपी के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के मकसद से 5 वर्षों में 2 करोड़ स्मार्ट फोन या टैबलेट बांटने का लक्ष्य है। 10-वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की स्थापना के लिए जमीन क्रय के लिए 95 करोड़ रुपए की व्यवस्था का प्रस्ताव किया गया है। 11-प्रदेश के युवा अधिवक्ताओं को काम के शुरुआत तीन वर्षों तक किताब और पत्रिका आदि खरीदने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 12-लखनऊ, गोरखपुर ओर बदायूं में 3 महिला पीएसी बटालियन का गठन किया जाएगा। 13-मेरठ, बहराइच, कानपुर, आजमगढ़ और रामपुर में एटीएस सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। 14-सेफ सिटी योजना के तहत महिलाओं की सुरक्षा के लिए लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में 523 करोड़ 34 लाख रुपए की व्यवस्था का प्रस्ताव किया गया है। 15-मेरठ-प्रयागराज गंगा एक्सप्रेस वे के लिए 695 करोड़ रुपए की व्यवस्था का प्रस्ताव किया गया है। 16-अगले एक साल में 15 हजार सोलर पंपों की स्थापना कराई जाएगी। 17-वित?तीय वर्ष 2022-23 में 60.20 लाख कुंतल बीजों का वितरण किए जाने का प्रस्ताव है। 18-वृद्धावस्था पेंशन योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को देय पेंशन की धनराशि बढ़ा दी गई है। इसे 1000-1000 रुपए कर दिया गया है। 19-प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के लिए नंद बाबा पुरस्कार शुरू किया जाएगा। मथुरा में 3 हजार लीटर क्षमता का नया डेयरी प्लांट लगेगा। अयोध्या में सीपेट केंद्र बनाने के लिए 35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 20-प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना ( सौभाग्य ) के तहत गरीब परिवारों को नि:शुल्क और अन्य ग्रामीण परिवारों को 50 रुपए की 10 मासिक किश्तों में बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। 21-75 जिलों में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना होगी।

# मानक ताक पर : जिले में छोटी गाड़ियां अब बन गई है एंबुलेंस

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- निजी अस्पताल छोटी-छोटी गाड़ियों को एंबुलेंस बनाकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं मानकों को ताक पर रखकर इन गाड़ियों से गंभीर मरीज ढोए जा रहे हैं जिले में इस तरह के तीन दर्जन से ज्यादा एम्बुलेंस चल रही है इसमें ना एसी है और ना ऑक्सीजन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन और लाइफ सपोर्ट सिस्टम भी नहीं है एंबुलेंस के मानक सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल 1989 के तहत तय किए जाते हैं मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले इन एंबुलेंसओं के खिलाफ अब तक ना स्वास्थ्य विभाग ने कोई जांच की है और ना ही संबंधित अधिकारियों की इन पर नजर पड़ रही है ऐसे में एंबुलेंस संचालक मरीजों के परिजन से मनमाना किराया वसूल रहे हैं संसाधन




की कमी से गंभीर मरीज की जान पर बन आती है

### निजी अस्पतालों का एंबुलेंस चालकों से गठजोड़

जेएन मेडिकल कॉलेज के मरीजों को सेवा देने के लिए सरकारी एंबुलेंस से ज्यादा निजी एंबुलेंस के चालक तत्पर रहते हैं कई बार इसका खामियाजा दूरदराज से आए मरीजों को भुगतना पड़ता है गौरतलब है कि जिला अस्पताल के बाहर निजी एंबुलेंसओं का कब्जा रहता है स्थिति यह है ओपीडी से आपातकालीन परिसर तक इनकी नजर रहती है मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य कर्मियों की मिलीभगत से चालक मरीजों एवं तीमारदारों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में उपचार के लिए ले जाते हैं इससे उन्हें खासा कमीशन मिल रहा है उधर, अस्पताल में हालांकि पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस मौजूद है लेकिन निजी एंबुलेंस चालक उनकी चलने नहीं दे रहे शहर से ग्रामीण क्षेत्रों से रोजाना सैकड़ों मरीज उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज आते हैं ऐसे में जहां निजी एंबुलेंस चालक मरीजों और तीमारदारों को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पतालों में ले जाते हैं तो वहीं डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को भी कमीशन का लालच देकर रेफर कराते हैं इस दौरान एंबुलेंस चालकों को अस्पताल संचालक अच्छा खासा कमीशन देते हैं

# महिला पत्रकार के साथ 2020 में हुए बदसलूकी के मामले में वारंटी को गिरफ्तार करने में गांधी पार्क पुलिस दिखा रही है लचीला व्यवहार

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - थाना गांधी पार्क के अंतर्गत 23 मई 2020 में महिला पत्रकार द्वारा कवरेज करने के दौरान पत्रकार अर्जुन देव वार्ष्णेय पत्रकार रामचंद्र शर्मा पत्रकार विशु ठाकुर एवं अन्य कुछ पत्रकारों के द्वारा महिला पत्रकार से मोबाइल छीनने की घटना को अंजाम दिया था। जिसको लेकर के सोशल मीडिया पर महिला पत्रकार के साथ हुई बदसलूकी का वीडियो भी वायरल हुआ। थाना गांधी पार्क के अंतर्गत महिला पत्रकार ने छेड़खानी एवं मारपीट की घटना के तहत इन पत्रकारों पर मुकदमा लिखवाया। जो कि कोर्ट में विचाराधीन भी है। क्राइम संख्या 0190/2020 के तहत यह मुकदमा दर्ज किया गया। समय रहते मुकदमे की पैरवी के दौरान महिला पत्रकार ने घटना को अंजाम देने वाले पत्रकारों की धरपकड़ के लिए कोर्ट के द्वारा वारंट जारी भी हुए हैं। लेकिन थाना गांधी पार्क उन तीनों पत्रकारों के खिलाफ वारंट को तामील करने में असमर्थ दिखाई दे रही हैं। इन पत्रकारों को बहुत सी जगह पर देखा जा चुका है। लेकिन फिर भी गांधी पार्क पुलिस इनको अनदेखा करती नजर आ रही है। यदि एक महिला पत्रकार से बदसलूकी करने वाले लोग खुले में इसी तरीके से घूमते रहे तो आम जनता पर जुर्म करने वाले वारंटी के साथ पुलिस का किस तरीके का रवैया होगा। महिला पत्रकार का कहना है कि यदि पुलिस वारंटी को गिरफ्तार करने में असमर्थ रहती है। तो इस तरीके से वह दोषियों को बढ़ावा दे रही है । जो कि समाज हित में घातक साबित होंगे ।

# सीएम योगी हैं ईमानदार और मेहनती, शिवपाल ने की मुख्यमंत्री की तारीफ

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के मुखिया शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्हें ईमानदार और मेहनती बताया। इसके साथ ही उन्होंने परोक्ष रूप से उन पर तंज भी किया। शिवपाल विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ईमानदार और मेहनती हैं लेकिन अगर उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान सदन के सभी सदस्यों तथा अन्य लोगों का सहयोग लिया होता तो स्थिति को बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था। शिवपाल यादव द्वारा मुख्यमंत्री की तारीफ किए जाने पर भाजपा सदस्यों ने मेज थपथपा कर उनका स्वागत किया।



हालांकि इसी दौरान यादव ने भाजपा सरकार के नारे का हवाला देते हुए उस पर तंज भी किया। उन्होंने कहा कि वादे के मुताबिक तो सबका साथ और सबका विकास है लेकिन सरकार ने सबका सहयोग नहीं लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तो संत हैं, योगी हैं। योग का मतलब सबको जोड़ना होता है। शिवपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विपक्ष का सहयोग ले करके ही उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। उन्होंने विपक्ष पर भी तंज करते हुए कहा कि अगर विपक्ष हमारा साथ ले लेता... हमने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी बनाई थी। अपने 100 प्रत्याशी भी घोषित कर दिए थे। अगर हमें टिकट दे देते तो वह ( सपा गठबंधन ) वहां ( सत्ता पक्ष ) और आप ( भाजपा गठबंधन ) यहां ( विपक्ष ) होते। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि वह केवल बुजुर्गों और बीमार लोगों को ही मुफ्त राशन दे, नौजवानों और तंदुरुस्त लोगों को राशन देकर उन्हें आलसी ना बनाए।

## लूट में 48 घंटे बाद पुलिस खाली हाथ

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- साधु आश्रम और बुढआसी के शराब ठेका से हुई डेढ़ लाख की लूट की घटना में 48 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ है हालांकि इस मामले में एसओजी और सर्विलांस टीम समेत थाना पुलिस अपने अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुटी हुई है अभी तक बीटीएस की रिपोर्ट नहीं मिला सकी है जो कि इस मामले में बड़ी मददगार साबित हो सकती है वही एक टीम अन्य जनपदों में हुई इसी प्रकार की लूट की घटनाओं की सीसीटीवी फुटेज देखने पहुंची है, जिससे लुटेरों का हुलिया मिलाया जा सके

## नवगठित तहसील सकोला में जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य नागरिक सेवाएं शुरू

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही - नवगठित तहसील सकोला के अस्तित्व में आने के बाद यहां लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल की सेवाएं जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र एवं अन्य सेवाएं तहसील कार्यालय सकोला में प्रारंभ हो गया है। तहसील सकोला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नागरिक राजस्व से संबंधित कार्यों एवं अन्य विभागीय सेवाओं का लाभ ऑनलाइन पोर्टल द्वारा आवेदन देकर प्राप्त कर सकते है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शासन-प्रशासन की बीच की दूरी को कम करने के लिए 31 मार्च 2022 को अपने रायपुर निवास कार्यालय से 4 नए अनुविभाग और 23 नए तहसीलों का वर्चुअल शुभारंभ किया था। इनमें अनुविभागीय कार्यालय मरवाही और तहसील सकोला भी शामिल है।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से 108 नम्बर की 03 एम्बूलेंस को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 द्वारा जनपद को 108 नम्बर की 03 नई एम्बुलेंस की सौगात मिली है। जिसे जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने हेतु जनपद में 03 अतिरिक्त नई एम्बुलेंस वैन का संचालन किया जा रहा है। अब जिले में 108 नम्बर की-19 एम्बुलेंस निरन्तर जिले के मरीजों/दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचायेंगी, ताकि समय से उन्हें उचित इलाज मुहैया हो और वे स्वस्थ्य हो सके। उन्होने जनपद वासियों से अपील किया है कि यदि वे या उनके घर के आस-पास गांव/नगर में कोई आकस्मिक बीमार पड़ने जैसे दिल का दौरा, तेज पेट दर्द, किसी भी प्रकार की दुर्घटना, जानवरों के काटने, बेहोश होने की स्थिति में तत्काल इलाज हेतु एंबुलेंस की आवश्यकता है तो अपातकालीन सेवा हेतु 108 नम्बर डायल कर तत्काल एम्बुलेंस सेवा प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0पी0 भार्गव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातन हेलिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रंगोली बनाकर बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिले के जमुनहा स्थित आदर्श इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य केदारनाथ तिवारी की अगुवाई में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत समर कैम्प लगाकर बच्चों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व जागरूकता रैली निकाली गई। तथा उन बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों को बताकर शपथ दिलाई गई, कि जिससे वे प्रतिदिन की भांति नियम से सड़क पर चलें और अपने परिवार के लोगों को इन सभी बातों को बताएं,तभी बच्चों ने बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों को न जानकर लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं और



तमाम छोटी-बड़ी कठिनाइयों का सामना करते हुए अपनी जान को भी खो देते हैं। वहीं प्रधानाचार्य केदारनाथ तिवारी ने बताया कि सभी बच्चे इन बातों को ध्यानपूर्वक समझकर अपने परिवार के लोगों को सड़क पर चलने से कोई खतरा न रहे इसके लिए उन्हें तमाम बातें बताई और वहीं यह भी बताया कि हमेशा अपनी बायीं पटरी पर चलें, बने हुए स्टॉप पर ही रुकें, जेब्रा क्रासिंग पर से ही सड़क पार करें तथा स्कूल के बच्चे अपने निर्धारित बस स्टॉप से चढ़ें और उतरें, उतरने के बाद अपने दाएं बाएं देखकर ही आगे बढ़ें,वहीं बताया गया है क्षेत्र के लोगों के अन्दर भी फैला सकें। जिस कार्यक्रम के बाद बच्चों द्वारा खेल प्रतियोगिता में खो-खो करवाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान कॉलेज के वीरेंद्र यादव, देवेन्द्र त्रिपाठी, राम पाल यादव, वीरेन्द्र प्रसाद तिवारी, मिश्री लाल यादव, राजेश कुमार मिश्र, उमेश माणिक, रवि कुमार मिश्र सहित शिक्षक ,अभिभावक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनपद में पोषण पाठशाला केंद्र पर बाल विकास परियोजना के तहत कार्यक्रम आयोजित पहुंची गर्भवती महिलाए

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





मुरादाबाद जनपद में पोषण पाठशाला केंद्र पर बाल विकास परियोजना के तहत कार्यक्रम आयोजित पहुंची गर्भवती महिलाएं महिला कल्याण एवं बाल पुष्टाहार विभाग द्वारा नौनिहालों एवं गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए लगातार कार्य को किया जा रहा है। गांव गांव और शहर शहर पाठशाला लगा कर गर्भवती महिलाओं को एवं नौनिहालों को पुष्टाहार वितरित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर मुरादाबाद के अलग-अलग वार्डो में लगातार पोषण पाठशालाये अपना काम कर रही हैं।उत्तर प्रदेश जनपद मुरादाबाद के मोहल्ला लालबाग और नवावपुरा क्षेत्र में स्थापित पोषण पाठशाला केंद्र पर बाल विकास परियोजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें 7 वर्ष आयु से लेकर 3 वर्ष की आयु के बच्चों की माताओं को, और 3 वर्ष से लेकर 6 वर्ष आयु के बच्चों को बुलाया गया । और सभी को स्वच्छता पर जागरूक करने के साथ-साथ उन सभी को पोषण तत्व उपलब्ध कराए गए । इस दौरान साफ सफाई पर विशेष जानकारियां दी गई । बाल विकास पुष्टाहार से जुड़ी महिलाओं द्वारा कार्यक्रम में मौजूद रही अन्य महिलाओं को बताया गया कि 6 माह तक बच्चे को मां का दूध ही पिलाना चाहिए, क्योंकि मां के दूध में वह सब गुण होते हैं जिसकी आवश्यकता बच्चों को होती है । मां के दूध जैसा कोई भी पुष्टाहार नहीं है, लेकिन जो बच्चे मां का दूध पीने के बाद भोजन पर निर्भर होते हैं, ऐसे बच्चों को पोषण तत्व उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ताकि वह सभी बच्चे कुपोषण से बच सकें और बेहतर से बेहतर पढ़ाई कर सकें । और बड़े होकर अपने परिवार का और हमारे देश भारत का नाम रोशन कर सकें इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से निशा मुनेश बल्लू मनु शांति अनुराधा नीतू सोमवती शिवानी ओमवती सुमन राधा हिमानी नीलम खुशबू लज्जावती शालिनी आदि कई महिलाएं मौजूद रहीं

# मुरादाबाद एक युवक ने लेखपाल पर लगाया जमीन की पैमाइश न करने का आरोप



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के देवापुर निवासी इफ्तेखार ने मीडिया को जानकारी देते हुए ने बताया कि वह देवापुर का रहने वाला है और उसकी मिलक में जमीन है पीड़ित ने आरजी जमीन की पैमाइश के लिए 11/04/2022 को एक प्रार्थना पत्र उप प्रभागीय न्यायाधीश के कार्यालय में दिया था जिसकी प्रतिलिपि संग्लन है जिसमें ग्राम देवापुर के लेखपाल आशीष जोहरी को जमीन की पैमाइश कराने के आदेश दिए थे वही अपनी भूमि की पैमाइश के विषय में संबंधित लेखपाल आशीष जोहरी से इफ्तेखार मिले तो आशिष जोहरी द्वारा किन्हीं अज्ञात कारणों से आवेदन कर्ता के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया गया और हमारी आर जी की जमीन पर नकारात्मक आंख्या लगाकर आरजी की पैमाइश ना होने देने को कहा वहीं जमीन स्वामी ने कहा कि आशीष जोहरी द्वारा मेरी जमीन की पैमाइश आखिर क्यों नहीं की जा रही जिसकी वजह से कुछ असामाजिक तत्व मेरी भूमि पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं उन्होंने कहा कि किसी कारणवश भविष्य में हमारे साथ असमाजिक तत्व द्वारा कोई भी वारदात हमारे साथ की जा सकती है हम गरीब असहाय लोग है हमारी मांग की है कि भूमि की पैमाइश लेखपाल आशीष जोहरी से मना कर अन्य किसी भी लेखपाल से कराई जाए

# कलेक्टेऊट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी तरह के वादों की समीक्षा करते हुए शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कडी सजा दिलायी जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भी महिला संबंधी अपराध एवं पाक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिये हैं अतः मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में महिला संबंधी अपराध एवं पॉक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लें। गवाहों की स्थिति बेहतर हों, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाये। बैठक में अधिवक्ता ने बताया कि एसपी ग्रामीण के प्रयास से कोर्टो में गवाहों की उपस्थिति काफी संख्या में हो रही है, इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि एसपी ग्रामीण द्वारा उठाया गया कदम सराहनीय है, हमें आपस में तालमेल कर और बेहतर रिजल्ट देना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस दिन गवाह आये उसी दिन गवाही भी हो जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा ऐसे केस जो जजमेंट की कगार पर हैं उन पर विशेष ध्यान देकर प्रकरण का निस्तारण करायें तथा अपराधी को सजा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास से ही स्थिति बदलती है और आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से आपको अपेक्षित सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि गवाहों को होस्टाइल न होने दिया जाये। जिन वादों का डिस्पोजल हो रहा है उसमें सजाएं कम हो रही हैं। शुरु से केसों की मानीटरिंग की जाये और सजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाये, जितना वादों का दायरा हो रहा है निस्तारण उससे अधिक होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी तरह की समस्या आ रही है तो अवगत कराये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विद्यासागर मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक अभियोजन ब्रजराज सिंह, डीजीसी क्रिमनल, शासकीय अधिवक्तागण एवं ए0डी0जी0सी0, एसपीओ, ए0पी0ओ0 आदि उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा संबंधी प्रवर्तन कार्यवाही और अधिक प्रभावी ढंग से करें-मण्डलायुक्त

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में प्रथम मण्डलीय सड़क सुरक्षा की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मण्डल में सड़क दुघर्टनाओं का तुलनात्मक विवरण, चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स, सोलेसियम स्कीम के तहत दी जाने वाली राहत धनराशि पर विचार विमर्श, सार्वजनिक सेवायान से घटित दुघर्टनाओं में परिवहन विभाग द्वारा दिए जाने वाली सहायता धनराशि के लम्बित मामलों, सड़क सुरक्षा के मामलों में किए गये प्रवर्तन कार्यो की जनपदवार समीक्षा की गयी तथा आपातकालीन सेवाओं पर चर्चा एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता उत्पन्न किए जाने हेतु संबंधित विभागों द्वारा किए गये प्रयासों की समीक्षा की गयी और टैअफिक जाम के कारण एवं निवारण के उपाय अवैध ई-रिक्शा के प्रतिस्थापना पर विस्तार से चर्चा की गयी। घायलों की संख्या में 4.95 प्रतिशत वृद्धि हुई है। संभाग के समस्त जनपदों में ब्लैक स्पॉट्स में सकारात्मक कार्यवाही तथा कुशल यातायात प्रबन्धन एवं क्रियान्वयन के फलस्वरुप दुघर्टना के अभाव में कमी लाया जाना अपेक्षित है। आरटीओ ने बताया कि मुरादाबाद में 10, अमरोहा में 13, बिजनौर में 5,रामपुर में 11 तथा सम्भल में 3 ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए गये हैं, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित विभाग को निर्देश दिये कि ब्लैक स्पाट्स पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये ताकि दुघर्टनाओं को रोका जा सके।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Outrage spread till college

The karma of education also made the teacher a servant, otherwise morality was also taught in the teacher's school. The issue here is not that morality should be put on the shoulders of any one section of the society, but the mirror must have been of conscience somewhere. For a long time, the scale of patience of the professors within the universities was breaking down regarding the UGC scale and now the resentment which spread till the college gradually put education in the dock. A demand may also be executioner or may be so compelling that education itself apologizes to those who are its pioneers or who make up education. A movement compiling college education There is also such resentment standing on the soil of 137 government colleges of the state, which considers itself to be Kurukshetra in the conflict of government policies. It may be a crusade for college teachers, but there all the crowns and tilaks will shatter and give pain to the same young generation, due to which society, state and nation are defending their future. Obviously, the path of agitation will not be so easy that for the sake of the UGC scale, all the pauses are created in the courtyard of education or the learning environment stagnates. College and university teachers' organizations point to these discrepancies in their advocacy. The question of the justification of the demands of college teachers also does not arise because they want a suitable place for personal achievements in their career. That is, while climbing the stairs of MPhil, PhD and so on, the signatures of competence and dexterity need a respectable and reasonable place and salary from the government, which is currently marginalizing the merit in Himachal as compared to other states. It would also be unjust to see injustice being done to another side, while not denying the legitimate demands of the college and university professors standing on the edge of the conflict. If a hunger strike, a gradual strike or a strike in any other form deprives students of their education or disrupts the pace of paper evaluation, it will be difficult for the teachers to prove their innocence in the students' court. Sometimes it also seems that the employment with which the government structure links its development, it stands at a crossroads later. We may not talk about quality or argue that according to the total population of Himachal, how many government colleges or universities should be there, yet the argument will come that while decorating 137 government colleges, we have rejected a lot from the quality aspect of education. Have given. There may be achievements of quantitative development, but when it comes to utility, it seems that all the institutions, departmental skills and progress stuff of Himachal are hollow from within. the state is reflected in the behavior of government employees and officers, academicians, doctors or medical personnel and the work culture adopted by them. In such a situation, when the qualitative progress of the state gets caught in the cross-examination of any movement, then the state versus the government, somewhere in political asylum, considers every election as an option. Whatever politics will gather in favor of college professors, its result will also be only political.

## Disha Patani raised her hands in this style to pose wearing a skin tight deep neck dress, she will not be able to control herself after seeing the picture



Bollywood actress Disha Patani is one of the bold actresses of the industry. Along with her acting, Disha is also in a lot of discussion about her fitness. Disha's Instagram is filled with her hot and bold pictures along with her workout posts. At the same time, fans also eagerly wait for the latest post. Disha also keeps sharing her latest bold photos, taking full care of her fans. Meanwhile, Disha has once again added her hotness on social media. Disha Patani has shared pictures of her latest bold photoshoot on her official Instagram account. In these pictures, Disha is seen wreaking havoc in a very hot look. In the photos you can see that Disha is wearing a red color skin fit deep neck dress. Disha Bala's hot look is seen in this dress. At the same time, everyone went crazy seeing the way Disha raised her hands to pose. Every style of Disha is making fans crazy. Also, Disha has kept her hair open with glossy makeup to complete her look. During this, she is wearing metal earrings. At the same time, these pictures of her have got a lot of views. Along with this, fans are constantly seen praising him by commenting on it. Commenting on these pictures of Disha Patni, fans are telling her hot, gorgeous, bold, beautiful. If we talk about her work front, then she is going to be seen in the film 'Yodha' opposite actor Siddharth Malhotra. The story of this period film is inspired by India's most daring mission on Pakistan. Produced under the banner of Karan Johar's production house Dharma Productions, the action drama film is jointly directed by Sagar Ambre and Pushkar Ojha. The film can be released in November this year. Apart from this, the actress will be seen in the lead role in Mohit Suri's film 'Ek Villain Returns' along with Arjun Kapoor, John Abraham and Tara Sutaria.

## Raveena Tandon said on Hindi Vs South films, said- no competition, we are an industry



Actress Raveena Tandon is once again in the limelight by playing the character of Ramika Sen in the film 'KGF 2'. Raveena has always been known for her impeccable style and tremendous acting. The actress does not shy away from speaking on any issue. Now Raveena has spoken on the comparison of Hindi Vs South films. Before the actress, many stars of the film industry have debated and given their opinion on this. So at the same time, the actress has said on this that no comparison can be made in both the industries. There is a debate on South vs Hindi - South films like Pushpa, RRR, KGF 2 have become superhit and people targeted Bollywood after watching these films. Hindi and South films are being compared since these films became a hit. A heated argument was also seen between Ajay Devgan, Kicha Sudeep regarding this matter. So right there now Raveena has also put forth her side. People only hear about hit South films - Raveena Tandon said on this matter, 'I think this is a phase of the industry and also for South. Those people are trying to make every film different and the same is happening in our Bollywood. You must have heard that every Hindi film is released but not every South film is released. You only hear about hit South movies but you don't hear that every Friday a South film is releasing. We would not have known the fate of films. We are an industry, there is no comparison- Raveena- Raveena Tandon further said, 'Everything seems right as long as it keeps going right. We know that Hindi films have their own logic and we count success and flops as well.

# राजस्व वसूली में लाएं तेजी, कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही - कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर मदवार और तहसीलवार राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होंने भू-भाटक एवं व्यपवर्तित प्रव्याजी कर की शत-प्रतिशत वसूली के साथ ही भू-राजस्व, पंचायत उपकर, शाला उपकर, नजूल प्रव्याजी, पर्यावरण उपकर एवं अधोसंरचना विकास कर की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की सुविधा और उनकी जानकारी के लिए पटवारियों को पंचायत भवन में बैठने की नियत तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच के साथ बैठकर बी-वन, फौती,नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न पंचायतों में आयोजित प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर में प्राप्त आवेदनों में से निराकरण हेतु लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों को मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के साथ समन्वय स्लम पट्टों के वितरण तथा भूमि व्यवस्थापन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के स्थाई एवं अस्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने, राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के शत प्रतिशत निराकरण और आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बी सी एक्का, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी श्री पुष्पेंद्र शर्मा एवं श्री देव सिंह उईके सहित सभी डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# सूरजपुर पुलिस ने निगरानी, गुण्डा बदमाशों के घर दी दस्तक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-रात को निकली पुलिस की अलग-अलग टीम ने 53 निगरानी, माफी व गुण्डा बदमाशों के घरों में दस्तक देकर इस बात की तस्दीक किया कि वह घर पर है या नहीं। व्यवस्था कायम रखने पुलिस चला रहा चेकिंग अभियान।पुलिस ने अपराधिक गतिविधियों में लिप्त निगरानी, माफी व गुंडा बदमाशों पर निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर निकली पुलिस की अलग-अलग टीम ने 53 बदमाशों के घरों में दस्तक देकर इस बात की तस्दीक किया कि वह घर पर है या नहीं। साथ ही ऐसे बदमाशों को पुलिस ने यह हिदायत भी कि भविष्य में किसी भी अपराधिक घटनाओं में लिप्त न रहे, किसी तरह के अवैध गतिविधियां ना करें, कोई भी अपराध करने पर कड़ी कार्रवाई करने चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने पूरे जिले में एक साथ निगरानी व गुंडे बदमाशों का चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के नेतृत्व में जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना-चौकी क्षेत्रों के निगरानीशुदा, गुंडा बदमाशों की आकस्मिक जांच घर पहुंच कर की गई। जांच पड़ताल के दौरान बदमाशों के गुजर बसर, वर्तमान में किए जा रहे कार्य का भी ब्यौरा लिया गया। जो बदमाश घर पर नहीं मिले उनके संबंध में भी गुजर-बसर के बारे में जानकारी ली गई। उल्लेखनीय है कि जिले में शांति कायम रखने यह चेकिंग अभियान चलाया गया, पुलिस लगातार ऐसे लोगों की हरकतों पर नजर रखे हुए है।

# जारी, 20 हजार रूपये कीमत का गांजा जब्त

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में लगी हुई है। इसी क्रम में रामानुजनगर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दो किलो गांजा सहित 1 व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही में शामील पुलिस टीम को पुरस्कृत भी किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में गुरूवार को रामानुजनगर पुलिस की टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित गणेश्वर प्रसाद पिता स्व. सुदामा प्रसाद उम्र 26 वर्ष निवासी कौशलपुर, थाना रामानुजनगर को पकड़ा जिसके कब्जे से 2 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 20 हजार रूपये का जप्त किया गया। मामले में गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में एसआई मनीप्रसाद राजवाड़े, एएसआई अश्विनी पाण्डेय, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, हेमन्त शर्मा, आरक्षक मनीष साहू व वेदप्रकाश राजवाड़े सक्रिय रहे।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# 20 हजार रूपये कीमत का अवैध कोयला व ट्रक जप्त, थाना भटगांव पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में बीते दिन थाना भटगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 2652 में अवैध कोयला लोड़ कर महान-2 खदान की ओर से लटोरी की ओर जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम सोनगरा में घेराबंदी लगाया तभी ट्रक आता दिखा जिसे रोकने का इशारा करने पर चालक ने ट्रक को तेज गति से भगाकर ले गया और कुछ दूर जाने के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड पाया गया, वाहन में लोड़ कोयला चोरी का होने की पूर्ण अंदेशा पर 3 टन कोयला कीमत 20 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रक वाहन कीमत करीब 80 हजार रूपये को जप्त कर धारा 41( 1-4 )जा.फौ./379 भादस के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी वाहन स्वामी एवं चालक की पतासाजी की जा रही है।

# सूरजपुर जिले के थाना विश्रामपुर पुलिस का कबाड़ियों के विरूद्ध कार्यवाही, दो कबाड़ गोदाम सील

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे जिसके बाद से ही थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा अवैध धंधे पर लगातार कार्यवाही जारी है। गुरूवार को विश्रामपुर पुलिस ने अवैध कारोबार के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 2 कबाड़ गोदाम को सील कर दिया है। कबाड़ी गोदाम में रखे लोहे सहित अन्य कलपुर्जे के बारे में पुलिस को कोई संतोषजनक जवाब अथवा कोई दस्तावेज नहीं दे सके। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में गुरूवार को थाना प्रभारी विश्रामपुर ट्रेनी आईपीएस संदीप कुमार पटेल पुलिस टीम व तहसीलदार के साथ संडे मार्केट स्थित गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा एवं शिवनंदनपुर स्थित अलगेशन पिल्ले उर्फ बाबा कबाड़ी के गोदाम में दबिश देते हुए दोनों कबाड़ियों से कबाड़ खरीदी-बिक्री संबंधी दस्तावेज की मांग किये जाने पर कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। तहसीलदार की मौजूदगी में दोनों कबाड़ गोदामों को सील कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्यवाही में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इन्हें पुरस्कृत किया है। इस कार्यवाही में ट्रेनी आईपीएस संदीप कुमार पटेल, तहसीलदार मोहम्मद इजराईल अंसारी, प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह, रामनिवास तिवारी, आरक्षक अजय प्रताप राव, उमेश राजवाड़े व देवनंदन राजवाड़े सक्रिय रहे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# देशभक्ति की भावना रखते हुए शहीदों के बलिदान का सम्मान करना चाहिए




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-दिनांक 26.05.2022 को शासन की मंशानुरूप आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत शहीदों के सम्मान में पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर राष्ट्रभक्ति के गीतों का वादन तथा पीएसी बैंड द्वारा राष्ट्रीय धुन बजाई गई। अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा द्वारा बताया गया कि शहीदों तथा उनके परिवारों के प्रति श्रद्धा भाव जगाने तथा समाज में सम्मान देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। देश सेवा के लिए अपनी जान देने वाले शहीदों के प्रति लोगों को हमेशा सम्मान का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सिर्फ कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि हमें हमेशा देशभक्ति की भावना रखते हुए शहीदों के बलिदान का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा सहित क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन श्री राघवेंद्र सिंह राठौर, प्रतिसार निरीक्षक श्री हरपाल सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अलीगंज क्षेत्र के कस्बा जैथरा, धुमरी में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हटाया गया अवैध अतिक्रमण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मा0 मुख्यमंत्री जी एवं शासन की मंशानुसार जनपद की तीनों तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत नगरीय निकाय क्षेत्रों में मुख्य बाजारों एवं सड़क मार्गो से अवैध अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाये जाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में एसडीएम अलीगंज मानवेन्द्र सिंह ने तहसील अलीगंज क्षेत्र के नगर पंचायत जैथरा, पुलिस टीम के सहयोग से जैथरा के मुख्य बाजार सहित अन्य स्थानों, सड़क पर हुए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से हटवाया। इसके अलावा धुमरी में भी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया गया। एसडीएम ने निर्देश दिए कि अतिक्रमण को हटाने के उपरान्त यदि पुनः अतिक्रमण किया गया तो संबंधित अतिक्रमणकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जुर्माना बसूल किया जाएगा। शासन की मंशा है कि क्षेत्र में भ्रमण कर चैक किया जाए कि यदि कहीं पर अवैध अतिक्रमण है तो उसे हटावाया जाए। इसी को दृष्टिगत रखते हुए कस्बा जैथरा में अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही की गई है। राजस्व, पुलिस एवं नगर पंचायत की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए कुछ अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिए गए हैं। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि व्यापारी बंधु अतिक्रमण स्वयं हटाते हुए सड़कों को जनसामान्य के लिए खाली करें, जिससे कि आवागमन सुचारू हो सके। ईओ नगर पंचायत जैथरा ने बताया कि नगर पंचायत जैथरा में अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत अस्थाई अतिक्रमण, स्थाई अतिक्रमण एवं रोड पर लगे अवैध होर्डिंग्स हटवाया गया है। इस दौरान 21 अस्थाई अतिक्रमण, 2 स्थाई अतिक्रमण एवं अवैध होर्डिंग को रोड से हटाया गया। आक्रमण कार्यवाही के दौरान 23 अतिक्रमणकारियो के 37 हज़ार रुपए के चालान किये गए। इस दौरान नायब तहसीलदार विक्रम सिंह, ईओ रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जलेसर में एक तरफ गरजा बुल्डोजर तो दूसरी तरफ संरक्षण,ये रिश्ता क्या कहलाता है

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद भूमाफियाओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।इससे भूमाफियाओं के होश उड़े हुए हैं।जलेसर में मंगलवार को प्रशासन का भूमाफियाओं की जमीन पर बुल्डोजर चला तो भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया।प्रशासन ने भूमाफियाओं पर कार्रवाई करते हुए जलेसर कस्बा के मोहल्ला सादात में राजस्व कई गेटबन्द बाउंड्री को ध्वस्त कर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया है।प्रशासन माफियाओं के खिलाफ प्रतिदिन कोई न कोई कार्रवाई कर रहा है।भूमाफिया द्वारा सरकारी भूमि पर किए गए कब्जों को कब्जा मुक्त किया जा रहा है,जिसके लिए तहसील प्रशासन के अधिकारी सरकारी भूमि को चिन्हित कर खाली कराने का काम कर रहे हैं।भूमाफिया अपनी बॉडी बनाने के लिए सफेदपोशों के पास अपनी हाजिरी लगा रहे हैं।मुख्यमंत्री के सख्त आदेश के बाद भी सफेदपोश बचाने में लगे हुए हैं।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सत्ता पक्ष के विधायक के भाई पूर्व विधायक नवनिर्मित पुलिस चौकी आगरा अड्डा जलेसर की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने के लिए काफी हथकंडे अपना रहे हैं।इनके सामने एसडीएम जलेसर अलंकार अग्निहोत्री बाबा का बुल्डोजर नही चलवा पा रहे हैं या यूं कहा जा सकता है कि एसडीएम ने बाबा के बुल्डोजर को सरेंडर कर चुके हैं।क्योंकि इसी सरकारी जमीन पर बीते रविवार को निर्माण कार्य किया गया था,लेकिन अभी तक पूर्व विधायक के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। राजस्व निरीक्षक के अनुसार कस्बा जलेसर में 900 बीघे जमीन भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराना बाकी है। सूत्रों से खबर है कि इस भूमि की 35 लाख में बिक्री की गई है और 5 लाख एडवांस भी हो गया है। छत पड़ने के बाद रजिस्ट्री होगी। तहसीलदार अजीत कुमार का कहना है कि पिछले काफी समय से भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा था जिसको चिन्हित कर प्रशासन की कार्रवाई करते हुए 20 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। भूमाफियाओं के खिलाफ ही बुल्डोजर चल सका है।बड़े भूमाफियाओं पर बुल्डोजर नही चला है।अधिकारी बड़े भूमाफियाओं से याराना निभा रहे हैं।

# हटाए अतिक्रमण, वसूला जुर्माना

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-प्रशासन व नगर पालिका परिषद ने बुधवार को शहर में आगरा रोड व निधौली रोड पर अतिक्रमण हटवाए। इस दौरान आगरा रोड पर अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना भी वसूला गया। निधौली रोड पर सड़क किनारे कई लोगों ने लकड़ी के खोखे रख लिए थे, जिन्हें जेसीबी मशीन से हटवाया गया। वहीं पथ विक्रेताओं को भी सड़क से हटवाया गया। आगरा रोड पर मार्बल पत्थर विक्रेता द्वारा सड़क पर पत्थर रख अतिक्रमण कर रखा था, जिस पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. दीप वार्ष्णेय, टीएसआई बचान सिंह शाक्य, बालकपूर, पालिकाकर्मी समेत पुलिस बल मौजूद रहा। इसके अलावा पालिका ने कैलाशगंज से अलीगंज मार्ग स्थित नर्सरी तक नाले के किनारे हो रहे अवैध अतिक्रमण को चिह्नित किया। इस दौरान अतिक्रमण के घेरे में आठ घर पाए गए। जिस पर नगर पालिका ने अवैध अतिक्रमण के रूप में उन्हें चिह्नित कर लिया। ईओ ने बताया कि जल्द ही इन्हें हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# एटा पुलिस चार साल में पता लगा पाई थाना प्रभारी का नाम, अब होगी अर्थदंड की वसूली

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में पुलिस जांच का अजब मामला सामने आया है। यहां की पुलिस को जिले के एक थाना प्रभारी का नाम पता में चार साल लग गए। थाना कोतवाली देहात, एटा एटा में चार साल बाद पुलिस महकमा यह पता कर सका कि 2018 में थाना कोतवाली देहात का थाना प्रभारी कौन था। आरटीआई (सूचना का अधिकार अधिनियम) के तहत एक मामले में थाना प्रभारी पर अर्थदंड लगाया गया था। वर्तमान में वह कासगंज जिले के गंजडुंडवारा थाने में तैनात हैं, जिनसे वसूली के लिए एसपी कासगंज को पत्र भेजा गया है।

सदर तहसील क्षेत्र के गांव नगला समल के रहने वाले हुकुम सिंह ने कोतवाली देहात से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्कालीन थाना प्रभारी को 26 फरवरी 2018 को आरटीआई के तहत आवेदन किया। लेकिन उन्हें सूचनाएं नहीं दी गईं। पहली अपील में भी सूचना न मिलने पर आवेदक ने राज्य सूचना आयोग में अपील की। 25 हजार रुपये का लगा था जुर्माना आयोग ने 7 दिसंबर 2018 को तत्कालीन थाना प्रभारी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगा दिया। यह धनराशि तत्कालीन थाना प्रभारी के वेतन से तीन मासिक किश्तों में जमा कराई जानी थी। यह आदेश थाना प्रभारी के पदनाम से किया गया। इस बीच उनका स्थानांतरण हो गया। पुलिस की जिम्मेदारी थी कि तत्कालीन थाना प्रभारी का पता कर जुर्माना जमा कराएं। लेकिन इसके लिए लंबे समय तक जांच चलती रही। अब जाकर पता लग पाया है कि उस समय थाना प्रभारी अनूप कुमार भारती तैनात थे। कासगंज में तैनात हैं थाना प्रभारी अनूप कुमार भारती वर्तमान में कासगंज जिले के गंजडुंडवारा थाना प्रभारी हैं। एटा के एसएसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अधिरोपित अर्थदंड जमा कराने के लिए पुलिस अधीक्षक कासगंज को पत्र भेजा है।

# नगर पालिका अध्यक्ष मीरा गाँधी ने लेटर किया जारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नगर पालिका अध्यक्ष मीरा गाँधी ने लेटर किया जारी, चैयरमेन ने अतिक्रमण प्रभारी, सहायक अतिक्रमण प्रभारी को दिये निर्देश, चैयरमेन ने समस्त ट्रैक्टर व JCB ड्राइवरो को दिये निर्देश, शहर में विना नोटिस दिये असंबैधानिक तरीके से हटाया जा रहा अतिक्रमण-चैयरमैन, शहर के ग़रीब लोगों को किया जा रहा परेशान-चैयरमेन मीरा गाँधी सीएम योगी आदित्यनाथ/शासन/प्रसाशनिक अधिकारिओ की छवि को धूमिल करने का पत्र में किया गया जिक्र, अधोहस्ताक्षरी के अनुमोदन के बिना कोई भी अतिक्रमण न चलाये-चैयरमेन मीरा गाँधी मेरे जनहितकारी निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है-चैयरमेन, चैयरमैन ने विना अधोहस्ताक्षरी के लिखित आदेश के अतिक्रमण अभियान में शामिल न हो-चैयरमेन मीरा गांधी चैयरमेंन का अतिक्रमण प्रभारी व सहायक अतिक्रमण प्रभारी को आदेश, ट्रैक्टर ड्राइवर व JCB ड्राइवर को भी दिया आदेश, लिखित आदेश के बिना अतिक्रमण अभियान में शामिल होने पर की जायेगी कार्रवाई-चैयरमेन शासन के आदेश का नगर पालिका शत प्रतिशत पालन करेगी-चैयरमेन नगर पालिका शासनादेश के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है।प्रदेश सरकार की छवि को हम अतिक्रमण के नाम पर खराव नहीं होने देंगे